जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2016/1905 दिनांक :.13.11.2016

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय–स्नातक– बी.ए./ बी.कॉम./ बी.एससी./ बी.एससी. (होम साइंस) तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर ए.टी.के.टी. परीक्षा नवम्बर – 2016 के ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी बावत् आवश्यक निर्देश।

महोदय

उपर्युक्त विषयान्तर्गत आपको सूचित किया जाता है कि स्नातक– बी.ए./ बी.कॉम./ बी.एससी./ बी.एससी. (होम साइंस) पंचम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर 2016 जो दिनांक 21.11.2016 से प्रारम्भ होने जा रही है उसमें ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं होंगे।

ऐसे ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी के लिए विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि एवं पृथक से परीक्षा समय सारिणी शीघ्र प्रसारित की जावेगी।

स्नातक– बी.ए./ बी.कॉम./ बी.एससी./ बी.एससी. (होम साइंस) तृतीय सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर 2016 जो दिनांक 21.11.2016 से प्रारम्भ होने जा रही है इस परीक्षा में नियमित / भूतपूर्व / असंस्थागत / ऐसे ए.टी.के.टी. परीक्षार्थी जिन्होंने सत्र 2014–15 में प्रवेश लिया है परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

सत्र 2014–15 से पूर्व प्रवेशित छात्रों की तृतीय सेमेस्टर ए.टी.के.टी. परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से आयोजित की जावेगी। इस हेतु पृथक से परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा समय सारिणी शीघ्र प्रसारित की जावेगी।

समस्त प्राचार्य एवं केन्द्राध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि उपरोक्त निर्देशानुसार पात्र छात्र परीक्षा में सम्मिलित हों।

सर्व संबंधित के सूचनार्थ छात्रहित में प्रसारित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. संपादक महोदय .... ग्वालियर की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में समाचारवृत्त के रूप में छात्र हित में दृष्टिगत रखते हुये प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर–चम्बल संभाग, मोतीमहल, ग्वालियर
3. उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी वि.वि., ग्वालियर
4. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. केन्द्राध्यक्ष/सहायक केन्द्राध्यक्ष, परीक्षा भवन, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
8. इंचार्ज, पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

उप –कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)